# जिला निर्वाचन अधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने गुलाब फूल भेंटकर पी-2 के 64 मतदान दलों को किया रवाना

**शांतिपूर्ण ढंग से शत-प्रतिशत मतदान करवाने के लिए मतदान कर्मियों को दी शुभकामनाएं**

**✷ मतदान दलों को स्ट्राँग रूम से परिवहन व्यवस्था तक ई-रिक्शा की सुविधा**



जगदलपुर 18 अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत बस्तर जिले के तीनों विधानसभा 85-बस्तर, 86-जगदलपुर, 87 चित्रकोट और आंशिक 84 नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए पी-2 के 64 मतदान दलों को जगदलपुर के धरमपुरा स्थित शासकीय आदर्श महाविद्यालय परिसर में बुधवार को मतदान सामग्री का वितरण कर सम्बन्धित मतदान केंद्रों के लिए वाहनों से रवाना किया गया। मतदान सामग्रियों के वितरण के अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा द्वारा मतदान दलों के सदस्यों को गुलाब फूल भेंट कर शत-प्रतिशत मतदान करवाने के लिए मतदान कर्मियों को दी शुभकामनाएं देते रवाना किया गया। कलेक्टर ने सभी वितरण केंद्रों के स्टाल में जाकर निरीक्षण करते हुए समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं मतदान दलों के सदस्यों से रूबरू होकर उन्हें सभी मतदान सामग्री का मिलान कर मतदान केन्द्रों हेतु प्रस्थान करने की समझाइश दी। मतदान दलों को मतदान सामग्री प्रातः 7 बजे से वितरण किया गया। सामग्री मिलने के बाद मतदान कर्मचारी मौका मिलान कर अपने दलों के सदस्यों और सेक्टर अधिकारियों के साथ वाहनों में रवाना हुए। तीनों विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग आफिसर्स ने सामग्री वितरण व्यवस्था को निर्बाध करवाते हुए मतदान दलों को वाहनों से रवानगी करवाई गई। पी-2 के तहत विधानसभा नारायणपुर के 07, बस्तर के 04, जगदलपुर के 13 और चित्रकोट विधानसभा के 40 मतदान केंद्रों के लिए मतदान दलों को रवाना किया गया। वाहनों में मतदान दलों की रवानगी के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय ने मतदान दलों को शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष एवं निर्विघ्न शत-प्रतिशत मतदान करवाने और सकुशल वापस आने की शुभकामनाएं दी। स्ट्राँग रूम से चित्रकोट और बस्तर विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को सामग्री के साथ परिवहन व्यवस्था तक लाने के लिए ई रिक्शा की सुविधा प्रशासन द्वारा दी गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रकाश सर्वे,अपर कलेक्टर सीपी बघेल,नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, उप निर्वाचन अधिकारी प्रवीण वर्मा,सहायक रिटर्निंग अधिकारी भरत कौशिक, एआर राणा, सुब्रत प्रधान, संयुक्त कलेक्टर वाहन प्रभारी ऋषिकेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 6 विधानसभा क्षेत्रों में 19 अप्रैल को प्रातः 7 से दोपहर 3 बजे तक होगा मतदान

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को होने वाले चुनाव के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 10 बस्तर के लिए मतदान का समय निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में समाहित अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों हेतु पृथक-पृथक समय नियत किया गया है। आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कोण्डागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं कोंटा में मतदान दिवस 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को प्रातः 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। वहीं बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक मतदान होगा। इसी तरह जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के 175 मतदान केन्द्रों में प्रातः 7 बजे से सांयकाल 5 बजे तक और 72 मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा।

# राम दरबार में हवन-पूजन के साथ दी गई पूर्णाहूति



जगदलपुर 18 अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। नगर के सिरहासार भवन में रामदरबार सजाया गया है। पिछले 9 दिनों से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंच रहे थे। बुधवार को हवन के बाद पूर्णाहूति दी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। चैत्र नवरात्रि के मौके पर सिहासार भवन में तैयार कर कर भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम, सीता और लक्ष्मण और हनुमान की प्रतिमा स्थापित कर पिछले 9 दिनों से पूजा अर्चना चल रहा था। रामनवमी पर पूर्णाहूति के बाद प्रतिमा को विसर्जित कर दिया जाएगा।

### भगवान को लगा 56 भोग

श्री राम नवमी पर भगवान श्री राम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर राम दरबार में पूजा अर्चना के बाद भगवान श्री राम लल्ला को 56 भोग लगाया गया।

### 1 क्विंटल बूंदी प्रसाद वितरित

राम दरबार में हर दिन रामभोग के नाम से अलग-अलग प्रसाद का वितरण किया जा रहा था। रामनवमी के दिन शोभायात्रा में पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ ही दूसरे भक्तो को 1 क्विंटल से अधिक बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया।

# यूपीएससी में चयनित जिज्ञासा सहारे से मिले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, कहा बस्तर की होनहार बेटी ने बढ़ाया मान

**बस्तर की बेटी जिज्ञासा की बड़ी सफलता से अंचल के युवाओं को मिलेगी प्रेरणा - किरण देव**



**✷ जिज्ञासा को शुभकामनायें देकर परिवार जनों से की मुलाकात**

जगदलपुर 17 अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। यूपीएससी की परीक्षा में 691वीं रैंक हासिल करने वाली बस्तर की होनहार बेटी जिज्ञासा सहारे से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने उनके घर जाकर मुलाकात की और बधाई शुभकामनायें प्रेषित की।

स्थानीय संतोषी वार्ड में निवासरत सहारे परिवार से भेंट कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि प्रतिभावान बेटी जिज्ञासा को यूपीएससी की परीक्षा में मिली सफलता से समूचे बस्तर अंचल का गौरव बढ़ा है। बस्तर की होनहार बेटी जिज्ञासा की इस बड़ी सफलता को देख कर अंचल के युवाओं को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने यूपीएससी परीक्षा में उतीर्ण जिज्ञासा को आशीर्वाद देते हुये उज्जवल भविष्य की कामना की और उनके माता पिता सहित परिवार जनों को बधाई दी। इस अवसर पर विद्याशरण तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, पार्षद दिगम्बर राव भी मौजूद रहे।

# मतदान के उपरांत सेल्फी विथ फैमिली थीम पर सेल्फी प्रतियोगिता




जगदलपुर 18 अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान दिवस 19 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जिला प्रशासन बस्तर द्वारा सेल्फी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाते हुए सपरिवार वोट देकर मतदान केंद्र के समीप सपरिवार सेल्फी लें। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सपरिवार वोट देकर ÷सेल्फी विथ फैमिली÷ एक साथ फोटो लेकर 92440-79533 मोबाइल नंबर में व्हाट्सअप कर दें। सबसे अच्छी फोटो भेजने वाले व्यक्ति को प्रशासन द्वारा आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा।

# मप्र से तस्करी कर लाया गया 1.48 लाख का अंग्रेजी शराब जब्त

**✷ पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल**



जगदलपुर 18 अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। लोकसभा आम चुनाव के मददेनजर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग के दिशा निर्देश एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी भानपुरी घनश्याम कामडे के पर्यवेक्षण में अवैध शराब बिक्री और परिवहन पर अंकुश लगाने लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। इसी कड़ी में एक आरोपी के कब्जे से मध्य प्रदेश से तस्करी कर लाया 243 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया गया। शराब का बाजार मूल्य 1,48,500 रूपये बताया गया है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला की आरोपी भीमसेन मानिकपुरी (30) निवासी बेलपुटी खासपारा थाना कारपावंड अपनी मोटरसाइकिल में अवैध रूप से दो प्लास्टिक बोरी के अंदर कार्टून में भरा 100 नग गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब पौवा (मध्य प्रदेश ब्रांड ) को परिवहन कर लाने के बाद अपने घर के पीछे खेत के लाड़ी के पैरा के नीचे छुपा कर रखा है। सुचना पर दबीश देकर आरोपी के घर से 25 कार्टून में भरा 1250 नग पौवा, जिसकी कीमती 1,37,500 रूपये के साथ 243 लीटर अंग्रेजी शराब गोवा व्हिस्की, मध्य प्रदेश ब्रांड जब्त किया गया। जिसकी कुल कीमती 1,48,500 रूपये है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य पहचान पत्रों द्वारा मतदाता कर सकेंगे मतदान

जगदलपुर 18 अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदान केंद्रों में मतदाताओं को मतदान करने में सहायता हेतु दिशा-निर्देश जारी कर एपिक कार्ड के अलावा 12 अन्य प्रकार के पहचान पत्रों को प्रस्तुत कर मतदान करने की सुविधा प्रदान की गयी है। कोई भी मतदाता, मतदाता पहचान पत्र के अलावा इन 12 प्रकार के पहचान पत्रों को अपने सम्बद्ध मतदान केन्द्रों में प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं जिसके तहत आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक अथवा डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय द्वारा स्वास्थ्य बीमा स्कीम के तहत जारी स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पैन कार्ड, रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया द्वारा नेशनल पापुलेशन रजिस्टर के अंतर्गत जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार या पब्लिक लिमिटेड कंपनी के कर्मचारियों को जारी किया गया। फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों को जारी किया गया। शासकीय पहचान पत्र एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जारी युनिक निःशक्तता पहचान पत्र (यूडीआईडी) के माध्यम से मतदान किया जा सकता है।

# टैंकर द्वारा पेड़ पौधों में दिया जा रहा पानी



जगदलपुर 18 मार्च (दण्डकारण्य समाचार)। शहर के लालबहादुर शास्त्री वार्ड के लालबाग आमागुड़ा चौराहा के समीप उद्यान में नगर निगम के पानी टैंकर द्वारा पौधों को पानी दिया जा रहा है जिससे पौधे हरे भरे नजर आ रहे है।

लालबाग आमागुड़ा चौराहा में कुछ महीने पूर्व सड़क किनारे हरी घास, के साथ फूल के पौधे लगाये गये एवं उसे तार की जाली से घेरा गया ताकि आवारा मवेशी से पौधे एवं घास सुरक्षित रहे, लेकिन गर्मी की शुरूआत होते ही पौधों में पानी की जरूरत पड़ने लगी है। पानी के अभाव में पौधे सूख जाते है, जिसके चलते नगर निगम के पानी ट्रैंकर द्वारा पौधों को हराभरा रखने 1-2 दिन के आड़ में पानी दिया जा रहा है। इससे पौधों में हरियाली बनी है। बताया गया है कि गर्मी के इन दिनों में पौधों को सूखने से बचाने के लिए पागर निगम के पानी ट्रैंकर द्वारा पौधों में पानी दिया जायेगा ।

# गायत्री शक्ति पीठ सत्संग भवन का किया गया भूमि पूजन



जगदलपुर 18अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। धरमपुरा मार्ग स्थित गायत्री शक्ति पीठ में प्रस्तावित नए सत्संग भवन का भूमि पूजन बुधवार दोपहर को किया गया। नवरात्र के अंतिम दिन और रामनवमी के शुभ मुहूर्त में भूमि पूजन हुआ। इस अवसर पर अतिथि श्याम सोमानी, प्रमुख ट्रस्टी जयश्री श्रीवास्तव, सुप्रिया श्रीवास्तव, रेणु शर्मा, आनंद राम साहू, विकास श्रीवास्तव, इंद्र मोहन शर्मा, इंजी बी बासुराव, निलेश ठाकुर,राजीव निगम, राजू महावर, भरत गंगादित्य सहित निर्माण समिति सदस्य और परिजन उपस्थित रहे।

### बहुमंजिला होगा भवन

ट्रस्ट मण्डल ने बताया की गायत्री शक्ति पीठ के नए गर्भग्रह के पीछे पुराने भवन तो समतल कर वहाँ तीन हज़ार वर्ग फ़ीट में बहु मंजिला व आधुनिक ऑडियो वीडियो सुविधा युक्त सत्संग भवन बनाना प्रस्तावित है। इस भवन में यज्ञ कुंड की भी व्यवस्था रहेगी।

### सुबह से शाम तक यज्ञ और संस्कार महोत्सव

नवरात्र की अष्ट्मी पर शक्ति पीठ में सुबह से शाम तक सामूहिक मंत्र जाप, 5 कुण्डीय हवन और विविध संस्कार करवाये जाते रहे। पूर्णाहुति के बाद आरती और प्रसाद वितरण हुआ। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# छोटे निस्तारी तालाब सूखने के कगार पर



जगदलपुर, 18 अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार) । शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे तालाब सूखने लगे है, जिससे लोगों को निस्तार एवं नहाने धोने की समस्या होने लगी है।

ग्रीष्म का ताप बढ़ते ही नगर एवं आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में भूजलस्तर कम होने लगा है, जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है नदी, तालाब में पानी घटने लगा है। इसी क्रम में छोटे निस्तारी तालाब सूखने की ओर अग्रसर हो गये है, अनुकूलदेव वार्ड के रेल्वे फाटक, आड़ावाल का पठान तालाब, नक्टी सेमरा सहित अन्य क्षेत्र के छोटे निस्तारी तालाब सूखने लगे है, जिससे लोगों को निस्तार के साथ गर्मी के इन दिनों में नहाने धोने की समस्या होने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि निस्तारी तालाब में पानी भरा रहने से लोगों को काफी राहत मिलती रही है, लेकिन पानी सूख जाने से लोगों का नहाना धोना बंद हो गया है।

# बंद पड़ा है आंगनबाड़ी केन्द्र



जगदलपुर, 18 अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार) । शहर के निकटस्थ ग्राम पंचायत नक्टी सेमरा में कुछ समय पूर्व नया आंगनबाड़ी भवन बनाया गया है, लेकिन इस आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए बच्चे नहीं मिलने से यह केन्द्र महीनों से बंद पड़ा है।

नगर से लगभग 8-9 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत नकटी सेमरा के झंडापारा में कुछ महीनों पूर्व आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निर्माण किया गया है, लेकिन आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चे नहीं होने के चलते केन्द्र बंद पड़ा है। उपयोग नहीं होने से भवन की हालत क्रमशः खराब होने लगी है। आसपास निवासरत कुछ ग्रामीणों ने बताया कि यह आंगनबाड़ी भवन महीनों से बंद पड़ा है। यहां कोई कर्मचारी भी नहीं आता है। बताया गया है कि पारा में छोटे बच्चे नहीं होने से आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित नहीं किया जा रहा है।